डैप्सोन (DAPSONE)

- यह दवा खाने वाली गोली और यदि ज़रूरी हो, तो विशेष रूप से तैयार की गई पीने वाली दवा के रूप में उपलब्ध है।
- इस दवा के लिए BC ट्रांसप्लांट द्वारा फ़ंड नहीं दिए जाते और इसे अपनी पसंद की फार्मेसी से ख़रीदा जा सकता है।

यह दवा कैसी दिखती है?(What does the medication look like?)

इस दवा के लिए कई ब्रांड हैं और हो सकता है कि आपको नीचे दिखाए गए ब्रांड जैसा अपना ब्रांड न मिले। यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया अपने ट्रांस्प्लांट फार्मासिस्ट से संपर्क करें।

डैप्सोन 100 मिग्रा गोली

यह दवा किस बीमारी के लिए है? (What is this medication for?)

PCP या **PJP** के नाम से जाने जाते एक विशेष प्रकार के निमोनिया (फेफड़ों का संक्रमण) की रोकथाम या उसका इलाज करने के लिए डैप्सोन का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार का संक्रमण कमज़ोर प्रतिरक्षा-प्रणाली वाले रोगियों में अधिक होता है (उदाहरण के लिए एक अंग के ट्रांस्प्लांट के बाद)। किसी व्यक्ति को सल्फ़ा एलर्जी होने या सल्फ़ामैथोक्साज़ोल/ ट्राइमथोप्रिम के दुष्प्रभाव महसूस होने पर डैप्सोन का उपयोग किया जाता है।

मुझे यह दवा कैसे लेनी चाहिए? (How should I take this medication?)

यह दवा **हफ़्ते में तीन बार** लें (उदाहरण के लिए सुबह 9 बजे)	आपकी दवा के समय और हफ़्ते के दिन: _____

- यह दवा भोजन के साथ या बिना भोजन के ली जा सकती है।
- यह दवा दिन में किसी भी समय ली जा सकती है और आप इसे अपनी किसी भी अन्य दवाओं के समय पर ले सकते हैं।

छूटी हुई ख़ुराक या उलटी द्वारा निकली ख़ुराक (Missed Dose or Vomited Dose):

यदि आपसे ख़ुराक छूट गई है, जैसे ही आपको याद आए, अपनी दवा लें और फिर अपनी अगली ख़ुराक नियमित तौर पर निर्धारित समय पर लें। यदि आपकी अगली ख़ुराक लेने में बहुत अधिक समय नहीं बचा है, तो अपनी छूटी हुई ख़ुराक न लें और अपने नियमित समय पर ख़ुराक लेना जारी रखें। दोगुनी या अतिरिक्त ख़ुराक न लें।

यदि ख़ुराक लेने के 30 मिनट के भीतर आपको **उल्टी** हो जाती है या यदि आप देखते हैं कि कोई दवा बाहर निकली है, तो ख़ुराक दोबारा लें। नहीं तो, बस अपने अगले निर्धारित समय पर ख़ुराक लें।

इस दवा के कुछ संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं? (What are some possible side effects of this medication?)

दुष्प्रभाव	**प्रबंधन**
धूप से संवेदनशीलता	तेज़ धूप वाले दिनों में बाहर निकलते समय हैट, पूरी बाज़ू वाली कमीज़ और लंबी पैंट या स्कर्ट पहनें। कम से कम 30 SPF (धूप से बचाव-कारक) के साथ धूप से बचाव करने वाला लोशन लगाएं।
डैप्सोन आपके ख़ून की सफेद और लाल कोशिकाओं की संख्या कम कर सकती है। *आप संक्रमण और ख़ून निकलने के बढ़े हुए जोखिम पर हो सकते हैं*	अपने लाल ख़ून की कोशिका की संख्या का पता लगाने के लिए ख़ून की आम नियमित जांच की जाएगी। यदि आपको इनमें से कोई है, तो अपने डॉक्टर से पता लगाएं: • संक्रमण के संकेत या लक्षण (बुख़ार या कंपकंपी, खांसी, गले में ख़राश या दर्द या पेशाब करने में कठिनाई) • ख़ून की लाल कोशिकाएं घटने के संकेत (कमज़ोरी या थकान, थोड़े समय के लिए अचेत होना, चक्कर आना) • ख़ून की लाल कोशिकाएं घटने के संकेत (कमज़ोरी या थकान, थोड़े समय के लिए अचेत होना, चक्कर आना)
त्वचा पर लाल चकते या ख़ारिश	जल्द से जल्द अपने डॉक्टर या ट्रांस्प्लांट टीम को बताएं